ग्रामीण सेवा शिविर-2025

ग्रामीण सेवा शिविर-2025
दिनांक 16.10.2025

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलक्टर,बालोतरा

राजस्व आवेदन संख्या 384/2025
सोरकीदेवी उर्फ रेशमीदेवी बनाम सरकार

आदेश

प्रार्थीनी के खाता दुरूस्ती प्रार्थना पत्र एव हल्का पटवारी मूगड़ा व भू.अ.नि. बालोतरा की रिपोर्ट तथा तहसीलदार पचपदरा की अनुशंसा के अनुसार ग्राम हेमपुरा तहसील पचपदरा की खसरा संख्या 1136/204 मे प्रार्थीर्नी का सोरकीदेवी उर्फ रेशमीदेवी पत्नि हींगाराम के नाम दर्ज है,जो कि रेकर्ड मे अशुद्व नाम दर्ज हो रखा है,जबकि प्रार्थीनी का वास्तविक नाम रेशमीदेवी पत्नि हीगाराम है,जो शुद्व करवाने का निवेदन किया गया है।

प्रार्थीनी का आवेदन दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रार्थीनी का आवेदन व पत्रावली के संलग्न दस्तावेजात का गम्भीरतापूर्वक अवलोकन किया गया। जिसमे पाया कि प्रार्थीनी का वर्तमान रेकर्ड मे सोरकीदेवी उर्फ रेशमीदेवी पत्नि हीगाराम नाम दर्ज है,इसके स्थान पर प्रार्थीनी रेशमीदेवी पत्नि हीगाराम नाम दर्ज करवाने का अनुतोष चाहा है,जो कि स्वीकार योग्य नही है,क्योकि प्रार्थीनी द्वारा ऐसा कोई दस्तावेजी साक्ष्य सबूत पेश नही किया,जिससे सावित होता कि प्रार्थीनी नाम दुरूस्ती करवाने की हकदार हो। इसके अलावा पूर्व रेकर्ड मे प्रार्थीनी का नाम उर्फ से दर्ज होने का क्या आधार रहा,इसका भी कोई स्पष्टीकरण नही है। ऐसी सूरत मे प्रार्थीनी का आवेदन साबित नही होने के कारण खारिज किया जाता है।

पत्रावली फैसल सुमार होकर दाखिल दफतर हो।

ग्रामीण सेवा शिविर-2025 उपखण्ड अधिकारी,बालोतरा

उपखण्ड अधिकारी एवं
सहायक कलक्टर,बालोतरा
शिविर प्रभारी ग्रामीण सेवा शिविर-2025

प्रति:-

1. तहसीलदार पचपदरा को सूचनार्थ।
2. प्रार्थीनी सोरकीदेवी उर्फ रेशमीदेवी पत्नि हींगाराम तहसील पचपदरा को सूचनार्थ।
3. रक्षित पत्रावली।

उपखण्ड अधिकारी एवं
सहायक कलक्टर,बालोतरा
उपखण्ड अधिकारी बालोतरा
शिविर प्रभारी ग्रामीण सेवा शिविर-2025